SIMTA SYDNEY INTERMODAL TERMINAL ALLIANCE

Hindi

दिसम्बर 2019

समुदाय के लिए नवीनतम समाचार

मुअरबैंक (Moorebank) के रेल का भविष्य पूरा हुआ

सामान से भरे कन्टेनरों से लदी प्रथम रेलगाड़िओं ने Port Botany व Moorebank Logistics Park के बीच आना-जाना शुरु कर दिया है और जिससे 1990 के दशक का सपना पूरा हो गया है।

हमारे आयात/निर्यात रेल टर्मिनल में काम की शुरुआत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और तीन वर्ष की इस कार्यविधि के प्रथम चरण में एक एकीकृत व स्वचलित लाजिस्टिक केन्द्र स्थापित किया जाएगा जिसमें शानदार दो रेल टर्मिनल (आयात /निर्यात व अंतरप्रदेशीय) व 850,000 वर्ग मीटर का वेयरहाऊज़ की सुविधा शामिल है।

जब यह पूरी तरह चलेगा उस समय हमारी यह सुविधा Port Botany व दक्षिण-पश्चिमी सिडनी के बीच प्रति दिन 3,000 भारी वाहनों के आने-जाने को बन्द कर देगी और यह यातायात संबंधी उत्सर्जन में वार्षिक रूप से अनुमानित 110,000 tCO2e से अधिक कार्बन उत्सर्जन कम कर देगी।

इस परियोजना के प्रथम चरण को सफलता पूर्वक प्रदान कर दिया गया था जिसके लिए हम अपने मुख्य कॉंट्रेक्टरों Fulton Hogan व CPB Contractors को धन्यवाद देते हैं। इनके कर्मीदल ने पिछले दो वर्षों में आयात /निर्यात टर्मिनल व रेल लिंक, जो दक्षिणी सिडनी फ्रेट लाईन से जोड़ती हैं उनको पूरा करने में अथक मेहनत से काम किया है।

वर्तमान कार्यों में, Port Botany से क़रीब पाँच रेलगाड़ियाँ प्रति सप्ताह आयात किए गए सामान के डब्बों को हमारे कार्यस्थल पर लाती हैं, जो आने वाले वर्षों में 21 रेलगाड़ियाँ तक बढ़ जाएँगी।



Moorebank intermodal terminal द्वारा स्थानीय आर्थिक व्यवस्था व नौकरियों को बढ़ावा

Moorebank Logistics Park के विकास से स्थानीय बिज़नेसों को 2019 के प्रथम छ:महीनों में ख़रीब $70 लाख मूल्य के कॉन्ट्रेक्ट दिए गए और कार्यस्थल में 200 स्थानीय कर्मचारियों को रखा गया।

Australian Industry Participation Authority को प्रदान किए गए नवीनतम आँकड़े बताते हैं कि Liverpool, Campbelltown, Fairfield व Bankstown काउंसिलों के भवन निर्माता कॉन्ट्रेक्टर, सेवा प्रदानकर्ता व सामान प्रदान करने वाले लोग इस विकास में बहुत अधिक मात्रा में हिस्सा ले रहे हैं।

जब इस परियोजना में निर्माण आरम्भ किया गया था और हज़ारों लाखों डालर जो इस क्षेत्र में पहले दिए गए कॉन्ट्रेक्टों की राशि थी, उसको बढ़एगा।

स्थानीय बिज़नेसों ने कई प्रकार का सामान व सेवाएँ प्रदान की थीं जिसमें शामिल था: छत व दीवारों पर परत चढ़ाने का सामान (cladding), बनावट संबंधी स्टील का सामान, इनजिनियरिंग, कंक्रीट करने व ट्रेफ़िक संचालन सेवाएँ व आवश्यक यंत्रों को किराए पर लेना।

उन स्थानीय बिज़नेसों ने कुल मिला कर स्थानीय क्षेत्र से 15 प्रशिक्षार्थीयों व अप्रेंटिसों को भी काम दिया था।

SIMTA, Industry Capability Network (icn.org.au) के साथ घनिष्ठ रूप से काम करती है, जो एक राष्ट्रीय ऑनलाइन नेटवर्क है जो हज़ारों सपलायरों व कॉन्ट्रेक्टरों को उन बिज़नेसों से मिलाने में सहायता करती है जिन्हें स्थानीय क्षेत्र में सेवाओं या बड़ी परियोजनाओं के लिए उपकॉन्ट्रेक्टर चाहिए होते हैं।

Moorebank Logistics Park का ICN पोर्टल पर अपना ख़ुद का वेबपेज हैं जिस पर नए काम के पैकेज व परियोजनाओं के अवसर प्रकाशित किए जाते हैं जिससे कि स्थानीय बिज़नेसों को मुकाबला करने का मौका मिले।

Moorebank Logistics Park के निर्माण प्रतिनिधि के साथ Wattle Grove PS की प्रिंसिपल व स्कूल की कैप्टनें।

Wattle Grove Public School के लिए नया सुरक्षा स्थल

Qube Holdings - जो Moorebank Logistics Park के विकासकर्ता हैं – व हमारे रेल टर्मिनल के कॉन्ट्रेक्टर Fulton Hogan ने मिल कर अक्टूबर में एक स्थानीय संरचना संबंधी परियोजना में सहायता की: एक स्थानीय स्कूल में सुधार करना।

Qube व Fulton Hogan ने Wattle Grove Public School में एक नया छत वाला रास्ता बनाने के लिए $10,000 का अनुदान दिया। यह रास्ता अस्थाई कमरों को बाकी स्कूल कैम्पस से मिलाता है जिससे बारिश व अत्याधिक गर्मी के समय विद्यार्थियों व अध्यापिकाओं की सुरक्षा व आराम में सुधार लाया जा सके।

Target इस साइट पर स्थापित

Target Australia ने नए वितरण केन्द्र को किराए पर ले लिया है और इस प्रकार वह Moorebank Logistics Park के ऐतिहासिक प्रथम किराएदार बन गए हैं।

Target के कर्मचारीगण इस नवीनतम तकनीकों से पूर्ण 40,000 वर्ग मीटर सुविधा का उपयोग करने लगे हैं और यह फुटकर विक्रेता अपने छाँटने वाले उपकरणों के आरम्भ के लिए अन्तिम काम चालू कर रहा है व नई जगह से पूरा संचालन करने की तैयारी कर रहा है।

जैसे-जैसे प्रथम रेलगाड़ियाँ आयात किए गए डब्बों को भी Port Botany से स्थल के गोदामों में लाना आरम्भ करती हैं, वे मोटर चालक जो नियमित रूप से Moorebank Avenue पर आते-जाते हैं उन्होंने हाल ही के महीनों में Target की इस सुविधाजनक स्थल को जीवन्त होते देखा होगा, Target के वितरण वाहन भी स्थल से Anzac Road.के दक्षिण में बने सिगनल लगे चौराहे से आते-जाते दिखते हैं।

जैसे-जैसे Target के गोदामों में काम आरम्भ हो रहा है, इस क्षेत्र के पूर्वी सीमा पर दो नए 20,000 वर्ग मीटर के गोदामों संबंधी निर्माण कार्य आगे बढ़ रहा है। यह क्षेत्र अन्य किराएदारों के लिए विकसित किया जा रहा है जो अपना काम यहाँ स्थापित करने के लिए वचनबद्ध हैं।

इस क्षेत्र के दूसरी तरफ़ भूमि को तैयार करने का काम जारी है जो कि अन्य किराएदारों की अधिक माँग के कारण है और जो 2020 के आरम्भ में अतिरिक्त गोदामों के निर्माण की आवश्यकता को प्रबल कर रहा है।

सड़क के नवीनीकरण का आरम्भ

Moorebank Avenue को चार लेन का सड़क बनाने संबंधी नवीनीकरण का काम, जो M5 Motorway व Moorebank Logistics Park के बीच होगा, क्रिसमस से पहले आरम्भ हो जाएगा।

हमारे कॉन्ट्रेक्टर BMD ने इस स्थल पर अपने आप को स्थापित कर लिया है और वैक्लपिक सड़क बनाने के लिए तैयारी शुरु कर दी है जिससे कि वर्तमान Moorebank Avenue पर नवीनीकरण का कार्य किया जा सके।

जो काम पहले ही कर लिया गया है वह है Moorebank Avenue के पश्चिमी तरफ़ से वनस्पति को हटाना, जहाँ पर सड़क को चौड़ा करने का काम होगा।

हमारी परियोजना में वनस्पति को हटाने की कमी को बराबर करने के लिए उसके बदले में क्रेडिट ख़रीदे हैं व जैवविविधता परिणामों में सुधार लाने के लिए आस-पास के कई स्थानों में जंगली घासफूस को हटाया है व नए पौधे लगाए हैं जिसमें पर्यावरण के नियंत्रण का काम शामिल है।

जैवविविधता को बराबर रखने के लिए जो स्थान शामिल हैं वे हैं Leacocks Regional Park के सामने Georges River के किनारों के साथ-साथ व उन झाड़ियों में जो Moorebank Logistics Park को Wattle Grove व Holsworthy-Glenfield रेल लाइन से अलग करती हैं।

अन्तिम निर्माण कार्य की योजनाओं को पूरा किया जा रहा है, पर जब तक BMD अपना काम समाप्त नहीं करता, कार-चालकों को 2020 में सड़कों में परिवर्तन होने का सामना करना होगा। जानकारी के लिए कृपया सड़कों के किनारों पर संदेश देने वाले डिजिटल बोर्डों को देखें, ट्रैफ़िक नियंत्रकों का कहना व सड़क पर काम होने के कारण भिन्न स्पीड की सीमा को मानें जिससे सड़क उपयोग करने वाले व काम करने वालों को सुरक्षित रखने में सहायता मिले।

यदि आपको सड़क नवीनीकरण संबंधी कुछ पूछना हो तो कृपया **1800 986 465** पर फ़ोन करें या **simta@elton.com.au** पर ईमेल करें।

दूसरे रेल टर्मिनल व एक अतिरिक्त गोदाम की योजना के लिए स्वीकृति

NSW Government's Independent Planning Commission ने हमारे नवीनतम आवेदन-पत्र को नवम्बर के आरम्भ में स्वीकृति दे दी थी, जिससे Moorebank परियोजना का अगला चरण आरम्भ किया जा सकता है।

आवेदन-पत्र में पूरे स्थल में (Moorebank व Georges River के बीच) बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई का काम, अन्तरप्रदेशीय रेल टर्मिनल का निर्माण व इस क्षेत्र के पश्चिमी तरफ़ गोदामों का विकास आरम्भ करना शामिल है।

हम उन सब समुदाय के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहते हैं जिन्होंने बात-चीत की प्रक्रिया में हिस्सा लिया, और उन सबका भी जो जून में Brighton Lakes Golf Club में मीटिंग के समय उपस्थित थे।

सार्वजनिक सुनवाई तथा IPC कमिश्नरों व मुख्य स्थानीय साझेदारों के बीच बातचीत की लिखित प्रतिलिपि ऑनलाईन उपलब्ध है। **www.ipcn.nsw.gov.au/project**s पर जाएँ और "Moorebank Intermodal" ढूँढें।

हम जैसे-जैसे अतिरिक्त काम आरम्भ होने की तैयारी करते हैं, निर्माण गतिविधियाँ www.simta.com.au पर प्रसारित की जाएँगी व कोई भी कार्य जो काम के घंटों के बाद किया जाएगा, जिसका प्रभाव हमारे पड़ोसियों पर होगा वे अलग पत्र-पेटी द्वारा सूचित किया जाएगा।

क्रिसमस पर काम बन्द होने की तिथियाँ

हमारे कॉन्ट्रेक्टर आमतौर पर 23 दिसम्बर को काम समाप्त होने के बाद से गुरुवार 2 जनवरी तक काम पर नहीं आते हैं, पर क्रिसमस व नए वर्ष के दौरान कुछ थोड़ी बहुत गतिविधियाँ की जा सकती हैं।

उस समय पर हमारे स्थल पर जो भी काम होगा वह सप्ताह के आम काम के दिनों व शनिवार तक ही सीमित होगा।

रविवार व सार्वजनिक छुट्टियों के दिन कोई काम नहीं किया जाएगा।

यदि हमारी परियोजना के निर्माण-कार्य के संबंध में आपको कुछ भी पूछना हो तो हमें **simta@elton.com.au** पर ईमेल लिखें या **1800 986 465** पर फ़ोन करें। .

हमसे संपर्क करें

कृपया हमारी वेबसाईट पर देखें

www.simta.com.au
अधिक जानकारी के लिए

PO Box 1488
Bondi Junction NSW 2022

विशेष प्रश्नों के लिए कृपया

पर 1800 986 465 फ़ोन करें

या लिखित प्रश्न या विचार इस पर भेजें:
simta@elton.com.au